हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 20 अगस्त 2025

06 अष्टविनायक वेयर हाउस में मूंग खरीदी में हेराफेरी...



07 यात्रियों को रोजाना ही आरक्षित कोच या जनरल...





## खबर संक्षेप

### डोल ग्यारस समिति की बैठक 22 को होगी

**सोहागपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में डोल ग्यारस महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में एक सदी पुरानी परंपरा के पालनार्थ सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने 22 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को डोल ग्यारस समिति सोहागपुर की बैठक की जाएगी। समिति के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि शाम बजे से स्थानीय मुख्य बाजार स्थित मां महाकाली मंदिर में बैठक की जाएगी। जिसमें स्थानीय सभी मंदिरों के महंत एवं संचालक उपस्थित होंगे। डोलग्यारस महोत्सव समिति सोहागपुर अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने नगर के वरिष्ठजनों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिले में आज मनेगा सद्भावना दिवस

**नर्मदापुरम।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गाँधी का जन्मदिन कल 20 अगस्त दिन बुधवार को दोपहर एक बजे गीता मैरेज पैलेस आई टी आई रोड पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सदभावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय गुड्डन भैया का सम्मान भी किया जाएगा। आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है निवेदक धर्मेन्द्र तिवारी अध्यक्ष - नगर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### केन्द्रीय जेल में हुआ शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम।** जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के द्वारा 19 अगस्त 2025 मंगलवार को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड-'अ' में निरूद्ध बंदियों के टी.बी. की जांच एवं एक्स-रे हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय से डा. प्रियंका दुबे, हेमंत अग्रवाल उपचार गोबिन्द सराठे, सुश्री वर्षा शर्मा एवं सहायक स्टॉफ उपस्थित हुये। आयोजित शिविर में 20 बंदियों की स्क्रीनिंग एक्स-रे किए गए।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

# नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए किया जनसुनवाई का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए 105 नागरिकों ने नामांतरण, बंटवारा, भूमि विवाद, आपसी विवाद, मेढ़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम हिरणखेड़ा की सरपंच अमृता लुटोरिया ने महुआखेड़ा आदिवासी टोला तक पक्का मार्ग नहीं होने की समस्या रखी। जिस पर जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत ने एसडीएम सिवनी मालवा को शीघ्र समाधान हेतु निर्देश दिए।

प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति जनसुनवाई की जा रही है। मंगलवार को जनसुनवाई में 105 आवेदन आए



### मूंग का भुगतान दिलाने की मांग

ग्राम डोलरिया तहसील सिवनी मालवा की निवासी रमाबाई ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि उन्होंने जुलाई माह में मूंग फसल का विक्रय डोलारिया स्थित वेयरहाउस में किया था, किंतु अब तक भुगतान नहीं हो पाया है। इस पर सीईओ श्री रावत ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र राशि भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शासकीय जमीन की बिक्री की हुई शिकायत



इटारसी में जनसुनवाई में आए आवेदनों में सबसे खास मामला ग्राम चांदौन के पवन कुमार महाला का था। उन्होंने शिकायत की कि पांडू खेड़ी की एक महिला ने छोटे घास की सरकारी जमीन को अपनी बताकर उन्हें 10 एकड़ जमीन 20 लाख रुपए में बेचने का एग्रीमेंट कर लिया। महाला ने बताया कि महिला अनुराधा बाई ने उनसे दो लाख रुपए ले लिए हैं, लेकिन जब उन्हें पता चला कि जमीन सरकारी है और उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो महिला ने देने से इनकार कर दिया। इसकी शिकायत वे सभी संबंधित विभागों में कर चुके हैं।

### अधिकारी रहे मौजूद

जनसुनवाई में आए अन्य आवेदकों के भी आवेदन पर सुनवाई करते हुए श्री रावत ने उनकी समस्याओं का समाधान किया। सीईओ श्री रावत ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बिजेंद्र सिंह रावत, अनुविभागीय अधिकारी नीता कोरी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## अघोषित बस स्टाप को लेकर विधायक ने लिखा एसपी को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर में बस ड्राईवरों और संचालकों के द्वारा जगह-जगह अघोषित बस स्टापेज बना लिये गये हैं जहां बसों को काफी देर तक खड़ी रखा जाता है जिससे से शहर में जाम लगने की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसे देखते हुए सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त एवं आईजी को पत्र लिखकर व्यवस्था बनाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि म.प्र.परिवहन द्वारा संचालित सभी बसों के ड्रायवर शहरों में जगह जगह यात्रियों को बैठाते है और उतारते हैं खासकर नर्मदापुरम नगर में यह विशेष तौर पर देखा जा रहा है कि यात्री बसों की स्पीड इतनी अधिक होती है कि आम नागरिकों का सड़को पर चलना मुश्किल हो रहा है लगातार नगर में सड़क दुर्घटनायें बसों के द्वारा हो रही है क्योंकि बस ड्रायवर समय मिलाने के चक्कर में अधिक रफ्तार से निकलते है और जगह जगह यात्रियों को उतारते और चढाते है जिससे पीछे से आने वाले नागरिक दुर्घटनाग्रस्त होते है।

इस व्यवस्था में यातायात पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है जबकि हर चौक चौराहे पर यातायात पुलिस की ड्यूटी के लिये बल तैनात रहता है परन्तु यातायात पुलिसकर्मी भी चौक चौराहे पर नहीं रहते है इस कारण बस ड्रायवर बस स्टेण्ड से निकलकर शहरों में जगह जगह बस रोकते हैं जबकि यात्रियों को बैठाने एवं उतारने के लिये बस स्टेण्ड होते हैं जहां एक ही स्थान पर यात्रियों को उतारना एवं बैठाना चाहिये। उन्होंने नर्मदापुरम शहर से संचालित होने वाली सभी बसों के ड्रायवर एवं बस मालिकों को. आवश्यक रूप से निर्देशित करने का कष्ट करें कि किसी भी स्थिति में यात्रियों को जगह जगह न उतारा / बैठाया जाये। विधायक विजयपाल सिंह ने पत्र में मांग की है कि हर चौक चौराहे पर यातायात पुलिस बल आवश्यक रूप से तैनात किया जाये अथवा मुख्य बस स्टेण्ड नर्मदापुरम से बस ड्रायवरों एवं यात्रियों हेतु अलाउंसमेंट कराया जाये कि नगर सीमा में बसों को जगह जगह न रोका जाये यदि उसे याद भी बस ड्रायवर एवं मालिक द्वारा ऐसा किया जाता है। बसों के परमिट निरस्त करने हेतु कार्यवाही करने की मांग की है।

## भाजपा जिला कार्यकारिणी गठन की कवायद शुरू, पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओ से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में भाजपा की प्रथम महिला जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला के अध्यक्ष बनने के आठ माह बीतने के बाद भी प्रदेश से अनुमति न मिलने के कारण जिला कार्यकारिणी का गठन अब तक नहीं हो पाया है। हालाकि मंगलवार को दो पर्यवेक्षक नर्मदापुरम पहुंचे। जिला कार्यालय में पर्यवेक्षक ने राय शुमारी की। करीब 100 से ज्यादा नामों पर चर्चा के बाद पर्यवेक्षक भोपाल गए, जहां वे प्रदेश नेतृत्व से चर्चा करेंगे। इसके उपरांत जिला कार्यकारिणी को हरी झण्डी मिलने की संभावनाएं हैं।

जिले में चारा विधायक, 2 सांसद एवं लगभग आधा दर्जन वरिष्ठ नेताओं के समर्थकों के बीच जिला कार्यकारिणी को लेकर उठापटक जारी है। मंगलवार दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक पर्यवेक्षकों ने जिला



कार्यालय के प्रथम मंजिल पर सभी विधायक, जिला अध्यक्ष से एक एक करके चर्चा की। इसके अलावा करीब 50 वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी की। वरिष्ठ नेताओं ने अपने समर्थकों के नाम दिए। दिन भर रायशुमारी का सिलसिला चलता रहा। महामंत्री पद के लिए कई युवा नेताओं की नजर लगी हुई है। यह भाजपा कार्यकर्ताओं की दृष्टि में दबदबे वाला पद माना जाता है।

### इस वर्ष खाद्य वितरण में दर्ज की गई वृद्धि

**नर्मदापुरम।** जिले में खाद-उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को डबल लॉक गोदामों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से निरंतर वितरण किया जा रहा है। जिला विपणन अधिकारी ने जानकारी दी कि नर्मदापुरम डबल लॉक पर 149 मीट्रिक टन 20.20.0.13 एवं 299 मीट्रिक टन 16.16.16, इटारसी में 282 मीट्रिक टन 20.20.0.13 एवं 426 मीट्रिक टन 16.16.16, माखननगर में 216 मीट्रिक टन 20.20.0.13 एवं 80 मीट्रिक टन 16.16.16, सेमरी हरचंद में 170 मीट्रिक टन 20.20.0.13 एवं 290 मीट्रिक टन 16.16.16 तथा बानापुरा में 398 मीट्रिक टन 20.20.0.13 एवं 329 मीट्रिक टन 16.16.16 उर्वरक उपलब्ध है।

## कन्या महाविद्यालय में छात्राएं सीख रही हैं आत्मरक्षा के गुण, 15 दिवसीय शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में क्रीडा विभाग द्वारा 14 से 29 अगस्त तक आयोजित होने वाले 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राएं विभिन्न गुण सिख रही है। जैसे शारीरिक वार्मअप, कोकोसूकी, ब्लॉक, मावाशिगरी, किक्स (मायागिरी, राइजिंग किक्स), आत्मरक्षा के प्रकार, हल्की स्ट्रेचिंग, सतर्कता एवं जोखिम पहचान, आत्मविश्वास से चिल्लाने का अभ्यास कराया जा रहा है। कराटे में ब्लैक बेल्ट धारी



प्रशिक्षिका हेनु द्वारा छात्राओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा कौशल केवल शारीरिक सुरक्षा का माध्यम ही नहीं बल्कि आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्रीड़ाधिकारी डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट ने बताया कि आत्मरक्षा के गुण सीखना आज के समय की महती आवश्यकता है।

## नर्मदा कॉलेज में वसुधैव कुटुंबकम पर हुआ व्याख्यान व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय नर्मदा कॉलेज में वसुधैव कुटुंबकम विषय पर व्याख्यान माला और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के मूल्यों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ।

सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ कमल वाधवा ने बताया कि वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ सबके कल्याण की भावना है जो सिर्फ मनुष्यों के लिए ही नहीं बल्कि सभी प्राणियों और प्रकृति के लिए भी है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एन ई पी को




भाषा, संस्कृति, धर्म, मूल्य, चरित्र और जननायकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। जो सर्वे भवंतु सुखिनः के भारतीय दर्शन पर आधारित है। छात्र शिवांशु मिश्रा और छात्रा ने इस सूत्र वाक्य पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉ हंसा व्यास सेवानिवृत्त प्राध्यापक ने वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो सबके कल्याण की कामना करें वह है वसुदेव कुटुंबकम ।जिसमें विश्व को परिवार कहा गया है भारतीय संस्कृति को व्याख्यायित करते हुए डॉ व्यास ने बताया कि वसुधैव कुटुंबकम एक विचार और दर्शन है जिसका स्वरूप सार्वभौमिकता है।

## एक पखवाड़े के बाद फिर लौटे बादल, हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में लंबे इंतजार के बाद मंगलवार शाम नर्मदापुरम में झमाझम बारिश हुई। शाम 4:25 बजे शुरू हुई बारिश 20 मिनट तक तेज रही। थोड़ी देर रुकने के बाद फिर से बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी बह निकला और मौसम में ठंडक घुल गई। लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। सुबह से धूप और साफ आसमान था। लेकिन 4 बजे के बाद अचानक मौसम बदला। काले बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिन बारिश की संभावना जताई है।इस साल जुलाई में अच्छी बारिश हुई थी, लेकिन अगस्त की शुरुआत



में करीब 12 दिनों तक बारिश नहीं हुई। 13 अगस्त से बीच-बीच में हल्की बारिश हो रही थी। सोमवार रात भी कुछ देर रिमझिम फुहारें गिरी थीं। मंगलवार को फिर से जुलाई जैसी तेज बारिश का दौर शुरू हो गया।

## जल भराव की समस्या से निपटने नपा ने नालों में उतारे स्वच्छता दूत और पोकलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को हुई झमाझम बारिश के चलते बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसे देखते हुए नगरपालिका की स्वास्थ्य शाखा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वच्छतादूतों और पोकलेन की मदद से जल निकासी सुचारू कराई गई। इस दौरान पोकलेन की मदद से नाले नालियों से भारी मात्रा में थर्माकोल, पन्नी और प्लास्टिक की सामग्री निकाली गई।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार नगर में स्वच्छता



अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार शाम को हुई झमाझम बारिश से नगर के बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसे देखते हुए तत्काल प्रभाव से स्वच्छतादूतों और पोकलेन की मदद से नाले नालियों को साफ कराकर जल निकासी सुचारू कराई गई। जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारीगणों द्वारा नपा की प्रशंसा की गई। स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि त्वरित की गई कार्रवाई से सभी व्यापारीगणों द्वारा संतुष्टि जताई गई।

## कॉलेज में हुआ कार्यक्रम आयोजित विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में वसुधैव कुटुम्बकम विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक श्री डी. एस. खत्री ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रति माह आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के अंतर्गत आज इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय विद्यार्थियों से स्वस्तिक रावत ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व ही एक परिवार है और हमें सदैव एकजुट रहना चाहिए।

कार्यक्रम में मंच संचालन हिंदी विभाग से डॉ सुमन अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुषमा यादव , डॉ मीनू सिंह व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### म्यूजिक जोन के द्वारा एसपीएम सभागृह में हुआ आयोजन

## 'एक शाम शहीदों के नाम': सीआईएसएफ के जवानों ने देशभक्ति के गीतों से बांधा समां, कलाकारों हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एस.पी.एम. के सभागृह में आयोजित एक शाम अमर शहीदों के नाम में देशभक्ति के गीतों में शामिल एस.पी.एम. के मुख्य महाप्रबंधक, सीनियर कमांडेंट अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ सीआईएसएफ जवानों ने देशभक्ति के गीतों का आनंद लिया।

नगर के प्रतिष्ठित संगीत समूह म्यूज़िक जोन ने आजादी के उत्सव में कई जगह अपने कार्यक्रम के माध्यम से आजादी के उत्साह को बढ़ाते हुए सैकड़ो लोगों के दिलों में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल किया। इसी तारतम्य में




सी.आई.एस.एफ. सभागृह में आयोजित इस संगीत निशा का शुभारंभ प्रतिभूति कागज कारखाना के मुख्य महाप्रबंधक वेंकटेश कुमार, सीनियर कमांडेंट ,वरिष्ठ अधिकारियों एवं म्यूज़िक जोन के वरिष्ठ संगीतज्ञ राम परसाई द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम का आरंभ कुमारी साधना मेहरा के मां के भक्ति गीत हाथ जोड़कर खड़ी हूं तेरे द्वार मेरी मां से हुआ देशभक्ति गीतों की शुरुआत म्यूज़िक जोन के अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित गायक असीम विश्वास द्वारा रफी साहब के मशहूर की जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया से हुआ म्यूज़िक जोन के कलाकारों में मुकेश गढ़वाल ने मेरा मुल्क मेरा देश कार्यक्रम के संचालक सईद कुरैशी द्वारा छोड़ो कल की बातें मोहम्मद इमरान के द्वारा कर चले हम फिदा प्रतीक द्विवेदी एवं वैभव शुक्ला ने मेरा रंग दे बसंती चोला अभिलाष दुबे ने मेरे देश प्रेमियों आपस में संयम बिल्लौरे ने विजयी भावः सुनील मिश्रा ने चिट्ठी आई है गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया कुमारी सौम्या कौशिक ने देश रंगीला जब गया तो श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा प्रतीक द्विवेदी और मोहम्मद इमरान के द्वारा गया गीत संदेशे आते हैं गीतों की प्रस्तुति के बाद सभी कलाकारों का सम्मान किया गया एवं मुख्य महाप्रबंधक द्वारा प्रतीक चिन्ह म्यूज़िक जोन को भेंट किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक राजपूत का सहयोग रहा।

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल में हुआ पौध-रोपण कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को वृक्षारोपण दिवस के अंतर्गत वन चाइल्ड वन प्लांट के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण जागरूकता पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य मोना चटर्जी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मोना चटर्जी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए किया गया। इसके बाद कक्षा आठ के छात्रों ने एक विशेष सभा प्रस्तुत की, जिसका मुख्य विषय 'पर्यावरण जागरूकता' था।

छात्रों ने पेड़-पौधे लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने के महत्व को दर्शाते हुए कई प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने एक लघु-नाटिका का मंचन किया और चार्ट, नारे और भाषणों के माध्यम से अपने विचार साझा किए। वृक्षारोपण के समय स्कूल जनरल मैनेजर सोनल सोखी एवं उप प्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, एक गंभीर

**बैतूल।** इंदौर.बैतूल नेशनल हाईवे पर सोमवार रात कन्नौद श्मशान घाट के पास कार और डंपर में सीधी टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार मां.बेटे की मौत हो गईए जबकि परिवार के मुखिया गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिकए टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार बैतूल जिले के चिचोली तहसील के चिरापाटला गांव के रहने वाले थे। ये लोग इंदौर से अपने गांव वापस लौट रहे थे। मृतकों की पहचान लक्ष्मी आर्य और उनके बेटे चेतन आर्य के रूप में हुई हैंए वहीं कार चला रहे प्रमोद आर्य को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। आसपास के लोगों ने फौरन कार के दरवाजे काटकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि लोग तुरंत घटना स्थल की ओर दौड़े। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विश्व मच्छर दिवस 20 अगस्त को

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज कुमार हुरमाड़े बताया कि प्रतिवर्ष 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। मच्छरों के काटने से मलेरियाए डेंगूए चिकनगुनिया आदि रोग होते हैं। इन रोगों से बचाव के लिए मच्छरों से बचाव आवश्यक है। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने देंए यदि पानी जमा है तो उसकी निकासी करवाएं। निकासी सम्भव न हो तो रुके हुए पानी पर मिट्टी के तेल या जले ऑइल का छिड़काव करें। मच्छरों से बचने के लिए पूरी बांह के कपडे पहनेंए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करेंए खिडक़ी दरवाजों पर मच्छररोधी जाली लगवाएंए मच्छरों को भगाने वाली क्वाईलए क्रीम एवं रिपेलेन्ट लिक्विड का उपयोग करें एवं मच्छरों को मारने के लिए इलेक्ट्रिक रैकेट का इस्तेमाल करेंए पानी को एक सप्ताह से अधिक भरकर न रखें एवं समय.समय पर पानी खाली करते रहें। कूलर की खस भी प्रतिवर्ष बदलें एवं पुराने खस को जलाकर नष्ट करें। इस प्रकार मच्छर जनित बीमारियों से अपना बचाव करें।

### डागा हाउस बैतूल में आज मनाई जाएगी राजीव गांधी की जयंती

**बैतूल।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं कंप्यूटर क्रांति के जनक स्वण्राजीव गांधी की जयंती पर आज 20 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा एक कार्यक्रम रखा गया हैए जो दोपहर 1 बजे डागा हाउस बैतूल में आयोजित होगा। कार्यक्रम में स्वण राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा की ओर से जारी आमंत्रण में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वण राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करें। जन्म जयंती कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारीए कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल होकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वण राजीव गांधी के योगदान को स्मरण करेंगे।

### आरोप: तुलवाई गई मूंग को गिरवाकर फिर से बेची

# अष्टविनायक वेयर हाउस में मूंग खरीदी में हेराफेरी, किसानों ने की जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आठनेर-भैंसदेही

शासन द्वारा पिछले दिनों समर्थन मूल्य पर की गई मूंग खरीदी को लेकर आठनेर एवं भैंसदेही क्षेत्र के किसानों ने बड़ी गड़बड़ी का आरोप लगाया है। किसानों का आरोप है कि आठनेर से 2 किलोमीटर की दूरी पर बैतूल रोड गुनखेड़ में स्थित अष्ट विनायक वेयर हाऊस को मूंग खरीदी का केन्द्र बनाया गया थाए जहां पर मूंग की खरीदी करते समय किसानों से धांधली की गई। नियमानुसार किसानों से मूंग की कट्टी का वजन 50 किलो 580 ग्राम तुलवाई के समय होना चाहिए था। इसी मूंग को बोरियों की सिलाई करने से पहले एक से लेकर तीन किलो तक गिरवा दिया गया। बाद में इसी मूंग को जमा कर वेयर हाऊस में तुलवाई कर दी गई। जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। इस तरह 45 किलो से 48 किलो के बीच मूंग तुलवाया गयाए जो कि एक तरह से मूंग खरीदी में गड़बड़ी और हेराफेरी को स्पष्ट दशार्ता है। गौरतलब है कि बैतूल जिले में गत 7 जुलाई से मूंग.उड़द की खरीदी शुरू की गई थी और समर्थन मूल्य में खरीदी के लिए पूरे जिले में 22 केन्द्र बनाये गये थे। जहां इस साल समर्थन मूल्य पर मूंग.उड़द बेचने के लिए कुल 5198 किसानों ने पंजीयन करवाया था और 8 अगस्त तक मूंग की खरीदी की गई थी। आपको बता दें कि इस बार बैतूल जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग 15ए900 हेक्टेयर रकबे में बोई गई थी और बड़े पैमानें पर मूंग का उत्पादन भी हुआ है। लेकिन समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में गड़बड़ी की आशंका के चलते ही किसानों ने हाथ पीछे कर लिये और आरोप भी लगाये है। इधर कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाएंगे।

#### हेराफेरी के लिए घटिया क्वालिटी की खरीद ली मूंग

मंगलवार को सुनवाई में पहुंचे क्षेत्र के किसानों ने आठनेर अष्टविनायक वेयर हाउस में शासन द्वारा निर्धारित मापदंड को पूरी तरह दरकिनार करके मूंग खरीदी करने के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित एफ एक्यू मानक को लागू करने के निर्देश दिए गए थे। जिसमें मूंग की खरीदी के लिए स्पष्ट यह नियम था कि उपज में विजातीय तत्व 2 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होने चाहिए। जबकि क्षतिग्रस्त दाने 3 प्रतिशत तक ही लिए जाएंगे। आंशिक क्षतिग्रस्त दाने 4 प्रतिशत तकए सिकुड़े या टूटे हुए दाने 3 प्रतिशत और कीट व्याधिग्रस्त दाने भी अधिकतम 4 प्रतिशत तक मान्य रहेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मूंग में अधिकतम 12 प्रतिशत तक ही नमी स्वीकार की जाएगी। लेकिन अष्ट विनायक वेयर हाऊस पर इन सभी नियमों को पूरी तरह दरकिनार कर खरीदी की गई।

#### स्टेक नंबर 4 और 8 की जांच की मांग

क्षेत्र के किसानों ने वेयर हाउस में स्टेक नंबर 4 और 8 की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की हैए ताकि सच सभी के सामने आ सके। किसानों का आरोप है कि प्राइवेट वेयर हाउस पर सरकारी ताले लगे होते है और ताला तभी खुलता हैए जब सरकारी कर्मचारी वहां पर मौजूद होए लेकिन सरकारी चपरासी और वेयर हाउस संचालक द्वारा वेयर हाउस की चाबी लेकर जाते थे। और जो मूंग का लॉट रिजेक्ट हो जाता थाए तब वे किसानों ध्व्यापारियो से उसी रिजेक्ट लॉट में एक किलो से लेकर तीन किलो तक अतिरिक्त मूंग तुलवा कर ले लेते थे। जिससे कि वह मूंगए खरीदी में हेराफेरी के काम आ सके। किसानों का कहना है कि अष्ट विनायक वेयर हाऊस की स्टेक नंबर 4 पर रखी मूंग की तुलवाई की जाये तो वह कम निकलेगी वहीं स्टेक नंबर 8 पर रखी मूंग गुणवत्ताहीन निकलेगी। इन दोनो स्टेक की सही जांच की जाये तो मूंग की खरीदी में की गई हेराफेरी का सच सभी के सामने आ जायेगा।




#### जांच करवाता हूं

इस मामले की शिकायत भैंसदेही एसडीएम को की गई थी जिस पर उनके द्वारा जांच करवाई जा रही है। आपके द्वारा यह मामला संज्ञान में लाया गया है तो हमारे विभाग द्वारा समिति प्रभारी से इस मामले की जांच करवाता हूं। मूंग खरीदी के समय समिति प्रभारी को ही यह जिम्मेदारी दी गई थी कि तुलवाई के दौरान क्वांटिटी पूरी होना चाहिए। साथ ही क्वालिटी की जांच भी सर्वेयर द्वारा की गई थी।

**रामवीर सिंह राजपूत**
सहायक संचालकए कृषि विभाग बैतूल

### रेस्क्यू कर बचाई सभी की जान

## भड़ंगा नदी में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, तीन युवक फंसे



**बैतूल।** चोपना थाना क्षेत्र में भड़ंगा नदी में सोमवार.मंगलवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे बटकीडोह और नारायणपुर के बीच भड़ंगा नदी के रपटे पर एक ट्रैक्टर.ट्रॉली पानी के तेज बहाव में पलट गई। ट्रैक्टर में सवार 5 युवकों में से 2 तैरकर बाहर निकल आएए जबकि 3 युवक नदी के बीच फंस गए। डायल.100 को सूचना मिलते ही चोपना टीआई नरेंद्र सिंह परिहार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी निश्चल झारिया के निर्देश और एसडीओपी सारणी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से सुरक्षा उपकरण और रस्सियों का उपयोग कर नदी के बीच करीब 30 मीटर दूर चट्टान तक पहुंचकर तीनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी युवक ग्राम गुवाड़ी के रहने वाले हैं। वे सुरेश उइकेए आदित्य उइकेए आयुष उइकेए पीयूष उइके और शर्मा भलावी हैं। युवक अपने पिता की रिटायरमेंट के बाद घर का सामान सारणी से ले जा रहे थे। रात के समय पानी के तेज बहाव का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण दुर्घटना हो गई। बचाव कार्य में निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहारए सउनि विनोद इवनेए आरक्षक विवेकए सुरेंद्र, प्रवेश और डायल.100 चालक गोविंद शामिल थे। ग्रामीणों में रामप्रसाद मंडल, श्रीवास सिकदारए चित्तरंजन सिकदार, दिलीप घरामी, आरती सिकदार और भगवती सिकदार ने मदद की।

## मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोइया महिलाएं वेतन के लिए परेशान




**शाहपुर।** शासकीय शालाओं में भोजन बनाने वाली रसोइया महिलाएं वेतन के लिए लगभग 2 माह से परेशान हैं। परन्तु आज दिनांक तक भी उन्हें वेतन नहीं मिला। इस संबंध में जब शासन के अधिकारियों से बात की गईए तो उन्होंने बताया कि हमने तो वेतन के सभी कार्य कर उच्च कार्यालयों को भेज दिया है। अब ना जाने कब आएगा वेतन। इस संबंध में महिला रसोइया खुलकर सामने आने में डर रही थी कि हमारा नाम आ जाएगा तो वह हमें काम से निकाल देंगे। एक स्कूल का यह हाल नहीं हैए लगभग सभी स्कूलों में वेतन की यही स्थिति नजर आ रही हैं। शासन के अधिकारियों का ध्यान भी इस ओर नहीं जा रहा है। इस संबंध में बीआरसी कार्यालय शाहपुर में पदस्थ बीएसी आशा कावरे ने बताया कि लगभग एक सप्ताह के अंदर महिला रसोइयों का वेतन आ जाएगा।

## शिक्षा विभाग के जेडी ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**बैतूल।** संयुक्त संचालक नर्मदापुरम संभाग डॉण मनीष वर्मा अपने बैतूल जिले के दो दिवसीय प्रवास पर है। मंगलवार को उन्होंने बैतूल में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। श्री वर्मा ने मॉडल स्कूल शाहपुरए उमावि बांसपानी, जामठी, अंधारिया एवं ससुंदरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का केंद्र बिंदु अकादमिक व्यवस्था की समीक्षा रहा। विभिन्न कक्षाओं में जाकर श्री वर्मा ने विभिन्न विषयों में कराये जा रहे अध्यापन की स्थितिए त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी के साथ विभिन्न छात्र कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ली गई। साथ में छात्र-छात्राओं से सत्यापन भी किया गया। श्री वर्मा ने मुख्यतरू विद्यार्थियों से अधिक से अधिक अभ्यास कराए जानेए विशेषकर लिखने का अभ्यास कराया जानेए छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों में किए जा रहे कक्षा कार्य एवं गृह कार्य को नियमित रूप से शिक्षकों द्वारा परीक्षण किए जानेए पाठ योजना बनाई जाकर कक्षा शिक्षण किए जाने के बारे में विस्तार से न केवल जानकारी दी गईए बल्कि शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉण अनिल कुशवाहाए विभागीय अधिकारी सुबोध शर्माए धर्मेंद्र पवार साथ रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुलाबराव बर्डए धीरेंद्र साहूए सक्षम बारमातेए आशीष शर्माए बीआरसीसी मनीष धोतेए प्राचार्य नागेश पवारए अनिल पाटिल इत्यादि भी अवलोकन दौरान साथ रहे। संयुक्त संचालक का यह दौरा 20 अगस्त को भी जिले में विभिन्न शालाओं में निरंतर रहेगा। निरीक्षण के उपरांत श्री वर्मा द्वारा जिले में विभिन्न शालाओं में अध्ययन अध्यापन की स्थिति को बेहतर पाने पर प्रशंसा भी की गई।

## श्वेतांबर जैन समाज का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण आज से

**बैतूल।** श्वेतांबर जैन समाज का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण आज 20 अगस्त को सुबह 9 बजे आरंभ होगा और इसका समापन 27 अगस्त को संवत्सरी पर्व के साथ होगा। इस वर्ष विशेषता यह है कि स्थानकवासी और मंदिरमार्गी दोनों संप्रदाय मिलकर एक साथ पर्यूषण पर्व मना रहे हैंए जिससे आयोजन की भव्यता और अधिक बढ़ गई है। संघ के प्रचार मंत्री सतीश पारख ने बताया कि प्रतिदिन प्रातरू 6 बजे प्रार्थना के साथ दिन की शुरुआत होगी। सुबह 6ण्30 बजे से शाम 5ण्30 बजे तक नवकार मंत्र का अखंड जाप चलेगाए जिसके बाद प्रतिक्रमण होगा। सुबह 8ण्15 बजे अंतगढ़ सूत्र का वाचन होगा और 9 बजे से प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे धार्मिक अध्ययन और उसके बाद महामांगलिक होगा। रात 8 बजे धर्म चर्चा का आयोजन होगा। इस वर्ष अंतगढ़ सूत्र वाचन हेतु करहीए मध्यप्रदेश से शिखरचंद छाजेड़ और इंदौर से विमलचंद तातेड़ विशेष रूप से बैतूल आ रहे हैं। दोनों ही विद्वान प्रतिदिन अंतगढ़ सूत्र का वाचन कर श्रद्धालुओं को धर्ममय वातावरण में प्रवाहित करेंगे। पर्यूषण पर्व को आत्मशुद्धि और संयम का पर्व माना जाता है। इस दौरान समाज के श्रावक.श्राविकाएं हरी सब्जियों का सेवन नहीं करते और अलग.अलग प्रकार के तप व्रत का पालन करते हैं। कई श्रद्धालु उपवासए अष्टमीए नवमीए आयंबिलए एकासन और विविध कठिन तप करके आत्मकल्याण की साधना करते हैं।वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ के अध्यक्ष अरुण गोठी ने सभी श्रावक.श्राविकाओं से विनम्र अपील की है कि वे पर्यूषण पर्व की संपूर्ण श्रृंखला में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

## राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल प्रतियोगिता में ओम आयुर्वेदिक कॉलेज को मिला प्रथम पुरस्कार

### ओम आयुर्वेदिक कॉलेज बैतूल को मिली राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नागपुर में आयुर्वेद टीचर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एटीकॉन 2025 में बैतूल जिले का नाम रोशन हुआ। डॉण बाबा साहेब आंबेडकर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटरए नागपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता रखी गईए जिसमें देशभर के बीएएमएस विद्यार्थी शामिल हुए और अपने.अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल बैतूलए मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण विरेन्द्र केण शाह एवं शल्य तंत्र विभाग अध्यक्ष डॉण संदीप पाल के मार्गदर्शन में शल्य तंत्र विभाग द्वारा आचार्य सुश्रुत द्वारा वर्णित यंत्रों के मॉडल प्रस्तुत किए गए। साथ ही आधुनिक समय में इन यंत्रों में आए बदलावों और उनके उपयोग का भी समावेश किया गयाए जिसने निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। कॉलेज के छात्र शिवराज परिहारए राजेश प्रजापति, अहतेशाम उल हक, महिमा प्रहलादी, तनू मालवीय, चंचल गुप्ता और यशीका झरबड़े ने अपने परिश्रम और रचनात्मकता से तैयार मॉडल प्रस्तुत किए। इनकी मेहनत और टीम वर्क के बल पर ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज बैतूल ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉण बीण्एलण मेहरा और मेडिकल रेटिंग बोर्ड एनसीआईएसएम के अध्यक्ष डॉण नारायण एसण जाधव ने पुरस्कृत किया। एटीकॉन 2025 में मिली इस उपलब्धि से ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल बैतूल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। यह सफलता कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ पूरे बैतूल जिले के लिए गर्व की बात है।

### जिला पंचायत सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

# प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किया जाए: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार को प्रातरू 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारीए कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ श्री अक्षत जैन ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम खेड़ली निवासी कृष्ण पाल चौहान ने ग्राम पंचायत में ग्राम सभा आयोजित नहीं किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने जनपद पंचायत सीईओ को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। खंजनपुर निवासी अरविंद मालवीय ने बकाया वेतन दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने श्रम विभाग के अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी प्रमोद कुमार अवस्थी ने मुआवजा वितरण के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।



#### अवैध कॉलोनी निर्माण की जांच के दिए निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई निवासी कमलेश डहारे ने जॉइनिंग से संबंधित शिकायत का निरीक्षण शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने शिक्षा विभाग के डीईओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के बीरूल बाजार निवासी बाबूराव ने अवैध कॉलोनी निर्माण को लेकर शिकायती आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम डोडावानी निवासी गोवर्धन ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने आमला तहसीलदार को सिविल न्यायालय के आदेश का अवलोकन कर अग्रिम कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम किला खंडारा निवासी भुनेश्वरी राठौर ने आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने महिला बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच का निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम लाखापुर निवासी नविंद्र यादव ने आवेदन के माध्यम से शासकीय मार्ग को अनावेदक द्वारा जेसीबी से खोदकर आवागमन अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर रास्ते के विवाद का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के बाजपुर निवासी संतोष रावत ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम सोमारी निवासी काशी बाई ने रास्ते के विवाद को लेकर शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने रास्ते विवाद का निराकरण किए जाने के निर्देश बैतूल तहसीलदार को दिए। बैतूल के किला खंडारा निवासी बिमल ने केसीसी पर खाद एवं लोन संबंधी जानकारी दिए जाने के लिए आवेदन दिया।

## रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर में जन्माष्टमी पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित



**भौंरा।** नगर के रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रविवार और सोमवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रविवार को आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में नगर के बच्चों और युवाओं ने बढ़.चढक़र हिस्सा लिया। छोटे.छोटे बच्चे भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की टीमों ने एकजुट होकर मटकी फोडऩे का प्रयास कियाए वहीं युवाओं ने भी पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सोमवार को कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाए जिसमें नगर के विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। मंदिर प्रबंधन समिति के कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर हर वर्ष इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैए ताकि बच्चों और युवाओं में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जुड़ाव बढ़े। आयोजन के सफल संचालन में समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही।

### वर्षों से लंबित है दोनों प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग

# यात्रियों को रोजाना ही आरक्षित कोच या जनरल बोगी तक लगानी पड़ती है दौड़

**सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए कई सुविधाओं का अभाव है। एक समस्या दोनों प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले बोर्ड नहीं होने की भी है। जिसके कारण यात्री परेशान होते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं के अभाव के चलते यात्री अनावश्यक ही परेशान होते हैं। जहां दोनों प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले बोर्ड नहीं होना एक समस्या है जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों के अनुसार सोहागपुर रेलवे स्टेशन मप्र ही नहीं, बल्कि भारत देश के पुराने स्टेशनों के रूप में जाना जाता है। जहां किसी समय रेल यात्रियों के लिए काफी सुविधाएं हुआ करती थीं। लेकिन देश की आजादी के बाद समय बीतता गया तो सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं कम होती गईं। जबकि कई स्टेशनों पर सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है। सोहागपुर के नागरिक अचंभित हैं कि देश रेल सुविधाओं के मामले में विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन सोहागपुर रेलवे स्टेशन से सुविधाएं धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं। जबकि लगातार विविध सामाजिक संगठन सोहागपुर में रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग बावत दर्जनों बार जनप्रतिनिधियों तथा रेल अधिकारियों को आवेदन सौंप चुके हैं। लेकिन लगता है जैसे कि जनप्रतिनिधियों सहित रेल अधिकारियों ने सोहागपुर की ओर से आंखें बंद कर रखी हैं।

#### गत माह सौंपा आवेदन

14 जुलाई 2025 को सोहागपुर जन कल्याण समिति ने जबलपुर डीआरएम के नाम ज्ञापन नगर में रेल सुविधा बढ़ोतरी हेतु स्टेशन अधीक्षक को सौंपा था। समिति अध्यक्ष राम निरंजन जायसवाल के अनुसार ज्ञापन में शहर के रेलवे स्टेशन पर दोनों प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग मुख्य रूप से की गई थी। इसके अलावा प्लेटफार्म क्रमांक दो की ऊंचाई बढ़ाने, बीना तथा अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज समय बढ़ाने तथा दोनों प्लेटफार्म शेड्स की लंबाई बढ़ाने की मांग शामिल थी। नगर सोहागपुर में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण की मांग भी की गई थी। ज्ञापन अनुसार सोहागपुर से 20 किमी दूर स्थित विश्व प्रसिद्ध टूरिज्म जोन मढ़ई में प्रतिवर्ष हजारों पर्यटक आते हैं। अतः ताप्ती गंगा, ओवरनाइट, संघमित्रा व इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित बेंगलुरु व पुणे की ट्रेनों के स्टॉपेज दिये जाएं। पर्यटक नर्मदापुरम, पिपरिया व इटारसी रेलवे स्टेशनों से बैठते व उतरते हैं। जबकि मढ़ई का सबसे करीबी रेलवे स्टेशन सोहागपुर है।

#### दौड़ते रहे यात्री

बीती रात जबलपुर से नई दिल्ली की ओर जाती श्रीधाम एक्सप्रेस करीब नौ बजे सोहागपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। इस दौरान सभी श्रेणियां की बोगियों में सवार होने के लिए यात्रियों को दौड़कर अपनी बोगियों तक जाते देखा गया। आरक्षित टिकिट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड नहीं है। और यह ज्ञात ही नहीं था कि टिकिट रिजर्वेशन वाली बोगी कहां रुकेगी। अतः यात्री अनुमान लगाकर प्लेटफार्म पर यहां-वहां खड़े हो गए। लेकिन जब ट्रेन आई तो किसी को आगे, तो किसी को पीछे की ओर दौड़ लगानी पड़ी। यात्रियों ने कहा कि लंबे समय से सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग की जा रही है। लेकिन रेल अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। फलस्वरुप नियमित ही यात्रियों को परेशान होना पड़ता है।

## नाबालिक के अपहरण की दोषी महिलाओं का 3 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तृतीय अपर जिला न्यायालय के न्यायाधीश आदित्य रावत की अदालत ने यूपी निवासी दो महिलाओं को एक नाबालिग का अपहरण करके उत्तरप्रदेश ले जाकर वहां रोककर रखने के आरोप में तीन-तीन वर्ष की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि 15 जून 2022 को अवयस्क बालिका अपने 8 वी कक्षा का रिजल्ट लेने मालवीय गंज इटारसी से फ्रेन्ड्स कन्या हायर सैकेंडरी स्कूल दिन में अपनी दोस्त अम्मू जो कि आरोपी सुनीता की छोटी बेटी है, के साथ गई थी जो रात तक वापस नहीं आइ। पिता ने सुनीता के घर पर फोन से पूछा जिसमें पता लगा था कि उसकी पुत्री को मीना ने अपने साथ कासगंज यूपी अपहृत करके अपने लड़के आलोक से जबरन उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करने लेकर गई है। पिता ने उसकी पुत्री के मोबाइल पर फोन किया था जो बंद बता रहा था। तब उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस बालिका को यूपी कासगंज से दोनों आरोपी सुनीता जाटव एवं मीनाबाई के चंगुल से वापस इटारसी लेकर आयी। बालिका ने पुलिस को बताया था कि आरोपी सुनीता ने अपनी दोस्त मीणा की सुरक्षा में बंद करके संदोष अवरूद्ध करके तीन माह तक अपने घर में ही रखा था। उसके साथ जलती हुई लकड़ी से आरोपी सुनीता ने मारपीट की थी। इस सेशन केस में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने वाले एजीपी राजीव शुक्ला एवं भूरे सिंह भदौरिया ने कोर्ट में 11 गवाह के कथन कराए थे। न्यायाधीश आदित्य रावत ने प्रकरण की संपूर्ण परिस्थितियों को मद्दे नजर आरोपी सुनीता जाटव को धारा 368 में 3 साल की सजा एवं एक हजार रुपए के जुर्माने से तथा धारा 324 में 6 माह के कठोर कारावास की सजा एवं एक हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। दूसरी आरोपी मीना बाई को धारा 363 में 2 साल एवं धारा 366 में 3 साल की सजा से दंडित किया है। साथ ही दोनों धाराओं में एक एक हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर तीन तीन माह तक का कारावास और भुगताया जाएगा। दोनों सजाए साथ साथ चलेगी। आरोपों सुनीता जाटव जेल में 41 दिन बंद रही थी तथा आरोपी मीना बाई भी जेल में 28 दिन बंद रही थी। इसलिए उनकी सजा की अवधि में निरोध की अवधि समायोजित की जाएगी। दोनों आरोपी को एक माह के लिए जमानत दी गई है।

यायालय के कर्तव्य के संबंध में दांडिक विधि का यह सर्वोच्च उद्देश्य है कि पर्याप्त, युक्तियुक्त, आनुपातिक दंड दिया जाए जो कि अपराध की प्रकृति और गम्भीरता तथा जिस तरीके से अपराध किया गया है उसके अनुरूप हो। दंड इतना कम नहीं होना चाहिए कि वह समाज की आत्मा को आघात पहुंचाए। यह न्यायालय का पवित्र कर्तव्य है कि वह दंड अधिरोपित करते समय एक उचित संतुलन बनाए क्योंकि वह कम दंड एक अपराधी की हिम्मत बढ़ाता है जिसके परिणाम स्वरूप समाज कष्ट उठाता है।

## वार्ड 19 में 35 लाख की लागत से बनीं 5 सड़कों का भूमिपूजन




**इटारसी।** विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 19 में लगभग 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित 5 सड़कों एवं नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पार्षद राहुल प्रधान, विश्वनाथ सिंघल, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, योगेंद्र सिंह राजपूत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा, जनता की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। वार्ड 19 में सड़कों के निर्माण से लोगों को आवाजाही में आसानी होगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। हमारी सरकार जनहित के कार्यों में निरंतर तत्पर है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा, नगर पालिका क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास लगातार जारी है। वार्ड 19 में बनी ये नई सड़कें आमजन को बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करेंगी। हमारा लक्ष्य है कि हर वार्ड में संतुलित और समान रूप से विकास कार्य हों।

## मुख्य मार्गों पर महीनों खड़े रहते हैं वाहन, बाधित होती आवाजाही




**सोहागपुर।** सिविल कोर्ट चौराहे से रेलवे स्टेशन मार्ग शहर का अति व्यस्त मार्ग है। जिस पर कई लोग अपने वाहन लंबे समय तक पार्क करते हैं। जिससे आवाजाही की बारहमासी बाधा बन जाती है। मंगलवार को भी रोड पर खड़े एक लोडिंग वाहन से सामग्री अनलोड की जा रही थी। तथा रोड के दूसरी ओर एक वाहन खड़ा था। जिसके कारण वाहन निकालने में लोगों को परेशानी हुई व यातायात की बाधा हुई। जनता ने इस समस्या को दूर करने की मांग व्यापारियों एवं प्रशासन से की है।

## पचमढ़ी में हुई घटना का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र के पचमढ़ी में 16 अगस्त को नालंदा टोला नवासी धीरेंदर मालवीय का गाड़ी से मुस्लिम परिवार जनों पर गोबर उचट गया था। तो मुस्लिम परिवार जनों ने गाड़ी मालिक एवं परिवार केसाथ जानलेवा हमला करने एवं धीरेन्द्र को गाड़ी से बाहर लाकर मारपीट करने तथा आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं सनातन संगठन के सैकड़ो लोगों ने इस घटना को लेकर 17 अगस्तको एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। अधिकारीके द्वारा शाम 4:00 का समय दिया था। लेकिन अनुविभागी अधिकारी बनखेड़ी विकासखंड चली गई तथा फोन पर बात कर रही थी और अचानक फोन काट दिया। हिंदूसंगठनोंने पचमढ़ी रोड तहसील चौराहे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शनकिया हनुमान चालीसा पाठ किया नारे बाजी की तहसीलदार महेंद्र सिंह नायब नीरज बैस पुलिस अधिकारी सभी की उपस्थिति में एसडीएम को ज्ञापन देने को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया तथा अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और प्रदर्शन रूकवाया।

## खापरखेड़ा ग्राम पंचायत में किया गया पौधरोपण



**पिपरिया।** जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत खापरखेड़ा केजागरूक सरपंच सुलभ गोदानी सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक सहित सभी के सहयोग से शाति धामकेआस पास १५०पौधे लगाए गए हैं। तथा नल-जल योजना को फिर से चालू कराने में सफल रहे हैं। लोकसवास्थ्य यंत्र की विभागके सहायक यंत्री रवि कैलवाने बताया कि सरपंच कीपहल पर अनयठेकेदार को काम दिया गया है। जो शीध्र ही काम पुर्ण कर देंगे।

## लायंस क्लब ने किया नेत्र शिविर का आयोजन

**माखन नगर।** मंगलवार को लायंस क्लब माखन नगर बाबई के द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दो 125 ओपीडी हुई जिनमें से 50 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया जिनको मोतियाबिंद निदान हेतु बस के द्वारा निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण हेतु बैरागढ़ भोपाल भेजा गया। सभी मरीजों की निशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण किया गया हाई ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज मरीजों को उचित परामर्श दिया गया।




































## खबर संक्षेप

### चारूवा में रोजगार मेला आज

**हरदा।** मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर अलग-अलग स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि 20 अगस्त को ग्राम पंचायत चारूवा में रोजगार मेला आयोजित होगा। कालेश्वर ने बताया कि मेले में 18 वर्ष से अधिक आयु के कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण युवा भाग ले सकते हैं।

### नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 20 तक

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र 2024-25 अतर्गत नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रारंभ हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 20 अगस्त निधारित की है। इसके लिए MPTAAS पोर्टल खोला गया है। समस्त संस्थाएं यह सुनिश्चित करे कि उनकी सस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने से वंचित न रहे। सहायक सचालक पिछडा वर्ग ने समस्त सस्थाएँ को कहा है कि वो 20 अगस्त तक पात्र विद्यार्थियों से सपर्क कर छात्रवृत्ति आवेदन समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करे जिससे विद्यार्थियां को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो सक। निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से वंचित रहता है. तो इसकी संपूर्ण जबावदारी संबंधित सस्था, विद्यार्थी की होगी।

### स्कूलों में ही बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

**सीहोर।** स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिये स्कूल में ही विशेष अभियान 18 अगस्त 2025 से चलाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ समन्वय किया है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। इस अभियान का नाम होगा 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार'। यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क रखा गया है।

### दस्तक अभियान एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के बाद आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### सीहोर सर्किल से निकाले गए पुराने मीटरों में विद्युत चोरी के 256 मामले पकड़े

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 3 लाख 35 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिये गये हैं। स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान कंपनी द्वारा पुराने मीटरों को बदला जा रहा है और उपभोक्ता परिसरों में नये स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा रहे हैं। सीहोर सर्किल में स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान उपभोक्ता परिसरों से निकाले गये पुराने मीटरों की एनएबीएल लैब में चेकिंग के दौरान चौकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। उपभोक्ताओं के परिसर से निकाले गये ऐसे पुराने मीटरों में तकनीकी खराबी कर रेजिस्टेंस या अन्य छेड़छाड़ की गड़बड़ी के 256 मामले पकड़े गये हैं।

---

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

# किसानों ने मूंग उपार्जन का भुगतान प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम पीपलघटा के किसानों ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 व 2024 की फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर उन्होंने उप संचालक कृषि को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम रन्हाईकला के किसानों ने कलेक्टर जैन को मूंग उपार्जन का भुगतान प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने जिला विपणन अधिकारी को मामले की जांच कर संबंधित किसानों का भुगतान कराने के निर्देश दिये। ग्राम महेन्द्रगांव निवासी संतोष गौर ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि व मुख्यमंत्री सम्मान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने तहसीलदार हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सिराली निवासी तुलसीराम ने आवेदन देकर वृद्धावस्था पेंशन दिलाने के लिये अनुरोध किया, जिस पर कलेक्टर जैन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा निवासी रियाज हुसैन ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर मुथुट पिनकार्ड द्वारा धोखाधड़ी से राशि बढ़ाकर गोल्ड नीलाम करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने लीड बैंक मेनेजर को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम कमताड़ा के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर गांव में शराब के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की मांग की, जिस पर उन्होने जिला आबकारी अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



#### ग्रामीणों में नाराजगी

कमताड़ा गांव के निवासियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में एडीएम पुरुषोत्तम कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने गांव में अवैध शराब बिक्री रोकने और शराबबंदी लागू करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही दो लोग अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इससे युवाओं में नशे की आदत बढ़ रही है। नशे में धुत लोग महिलाओं और बच्चों को परेशान कर रहे हैं। इस कारण घरों में रोजाना विवाद हो रहे हैं। 15 अगस्त को ग्राम पंचायत की सभा में ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया था। कृष्ण जन्माष्टमी पर ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने जागरूकता रैली भी निकाली थी। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर अवैध शराब का व्यापार नहीं रुका तो वे आंदोलन करेंगे।

---

### आंगनवाड़ियों में टेकहोम राशन उपलब्ध कराएं

## 'जर्जर भवनों को गिराने व सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में स्थित जर्जर भवनों को गिराने की कार्यवाही की जाए ताकि जनहानि की संभावना न हो। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में जिले के अनुविभागीय अधिकारियों व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि बच्चों के लिये आंगनवाड़ियों में पर्याप्त टेकहोम राशन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों में सोलर पेनल लगाने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सीपी ग्राम, सीएम मॉनिट से संबंधित समस्याओं का भी समय सीमा में निराकरण कराएं। ग्राम चारूवा के हायर सेकण्ड्री स्कूल में नवोदय विद्यालय से सप्ताह में एक बार गणित एवं अंग्रेजी के शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

---

## रोजगार मेले में 31 युवाओं का किया गया चयन



**रहटगांव।** म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हरदा द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन रहटगांव में रोजगार मेला आयोजित किया गया।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनीयो ने सहभागिता की। कंपनी ने ऑनलाइन उपस्थित रहकर युवाओं का भी चयन किया गया। रोजगार मेले में 63 बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमे से 31 युवकों को विभिन्न कंपनियो व संस्थाओं द्वारा रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया। मेले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक राधेश्याम जाट, प्रभारी विकासखंड प्रबंधक अभिजीत मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# रात में हुई तेज बरसात, नदी नालों ने रोका रास्ता

### कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा, कनारदा और बूंदड़ा गांव की पुल डूबने से रास्ता बंद



**हरदा।** सोमवार रात से हो रही लगातार बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर हैं। अजनाल, गंजाल, मटकुल और माचक नदियों का जलस्तर बढ़ने से हरदा से मगरधा, गहाल और कुकरावद जाने वाले मार्ग बंद हो गए हैं। कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। कनारदा और बूंदड़ा गांव की पुल डूबने से रास्ता बंद हो गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। कुकरावद गांव की पुलिया पर करीब 4 फीट पानी भर गया है, जिससे गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई है। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर तेज बहाव वाली नदी को पार करने की कोशिश कर रहे हैं। कुकरावद से रोजाना 200 से ज्यादा लोग रोजगार के लिए हरदा आते हैं, और स्कूली बच्चे भी नदी पार कर शहर के स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। बाढ़ के कारण बच्चे और करने वाले घरों में फंसे हुए हैं। हर साल बारिश में यही हालात गांव वालों का कहना है कि, वे लंबे समय से पुल को ऊंचा करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई कदम नहीं उठाया। हर साल बारिश के मौसम में यही स्थिति बनती है, जिससे ग्रामीणों का शहर से संपर्क कट जाता है। इस बार पिछले 24 घंटों में जिले में दो इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। इस साल अब तक 28.81 इंच बारिश हो चुकी है, जो पिछले साल की इसी अवधि की 25.97 इंच बारिश से ज्यादा है।

#### लगातार तेज बारिश के बाद कई नदियां उफान पर



**रहटगांव/बालागांव।** लगातार तेज बारिश के बाद कई नदियां उफान पर है। ग्राम मगरधा और हरदा को जोड़ने वाली सड़क पर मटकुल नदी में तेज बारिश के बाद उफान पर है। जिसे जिले के के ग्रामों का संपर्क टूट चुका है। तेज बारिश के बाद किसानों के चेहरे पर चमक देखने को मिली है बारिश न होने के कारण किसने की फसल को नुकसान पहुंच रहा था। वहीं तेज बारिश होने के कारण कई जगह पहाड़ी क्षेत्रों में ज्यादा पानी गिरने के कारण नदियों में तेज पानी आने के कारण आसपास लगी फसल चौपट हो गई है। वही नदी उफान पर होने के कारण जिला मुख्यालय से लगभग 6 घँटे सपंर्क टूट रहा।

**24 घंटों में 51 मि.मी. औसत वर्षाः** जिले में गत चौबीस घंटों में 51 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 26.7 मि.मी., टिमरनी में 28.4 मि.मी., खिरकिया में 62.4 मि.मी., सिराली में 84.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 53 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 731.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 636.8 मि.मी., टिमरनी में 907.8 मि.मी., खिरकिया में 826.7 मि.मी., सिराली में 639.7 तथा रहटगांव में 644.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 19 अगस्त तक 659.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

---

## धर्मांतरण कराने वाले पति-पत्नी पर मामला दर्ज, पति गिरफ्तार

**सीहोर।** धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफा मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को फरियादी गोविंद मसुरे पिता स्व. रमेशचंद्र मसुरे उम्र 43 साल हाल निवासी ग्राम बिजौरी ने पुलिस को आवेदन दिया था कि पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी जब्बार पिता जरदार खान व उसकी पत्नि ताहिरा खान अपने मकान में प्रर्थाना सभा आयोजित कर लोगों का धर्मांतरण कराते हैं। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने पति_पत्नी पर धारा 3/5 मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पता तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर के निर्देशानुसार सुनीता रावत, नगर निरीक्षक सीहोर डॉ अभिनंदना शर्मा के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली को टीम गठित कर आरोपी की तलाश की के लिए निर्देशित किया गया था। जो कि मुखबिर सूचना के आधार पर प्रकरण के आरोपी जब्बार पिता जरदार खान को अभिरक्षा में लिया गया है।

---

### अवैध खुदाई से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## दो घंटे तक इछावर-भैरुंदा हाईवे पर किया विरोध, कहा- ब्लास्टिंग से घरों में आई दरारें

**सीहोर।** बोरदी गांव में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ग्रामीणों ने इछावर-भैरुंदा हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। जाम की वजह अष्टविनायक क्रेशर मशीन में की जा रही अवैध खुदाई और ब्लास्टिंग है। ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा नेता पप्पू की क्रेशर मशीन में होने वाली ब्लास्टिंग से आसपास के घरों में दरारें आ रही हैं। रविवार रात हुए ब्लास्ट से कई घरों की दीवारें हिल गईं। इससे बड़ी दुर्घटना की आशंका है। ग्रामीणों ने क्रेशर मशीन बंद करने की मांग की। मांग पूरी न होने पर उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही इछावर टीआई पंकज वाडेकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



---

## निजी स्कूलों व शासकीय कन्या आदिवासी छात्रावास हरदा में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




**हरदा।** मंगलवार को महर्षि कान्वेंट हायर सेकण्ड्री स्कूल, मॉडल पब्लिक स्कूल एवं शासकीय कन्या आदिवासी छात्रावास हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि शिविर के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए किया गया है। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों को नालसा मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के तहत पॉक्सो एक्ट, पॉक्सो रूल्स तथा प्रतिकर से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं व सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना, की जानकारी दी। उनके द्वारा नालसा की संवाद योजना आदिवासी विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में उन्होने बच्चों को नालसा की डॉन योजना के अंतर्गत नशे से होने वाली शारिरिक,मानसिक व आर्थिक क्षति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होने बताया कि आमजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर अथवा पत्र के माध्यम से या नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अथवा 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क है।

**नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास बोरी**

निविदा / किराना सामग्री 2025-26

नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका आवासीय छात्रावास बोरी में सत्र 2025-26 में खाद्य एवं किराना सामग्री प्रति माह क्रय हेतु पंजीकृत टिन एवं जी.एस.टी. नम्बर धारी किराना व्यवसायियों से निविदा दिनांक 21.08.2025 तक सांय 04 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में दोपहर 11 बजे से 04 बजे तक संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा छात्रावास की प्रबंधन समिति के समक्ष दिनांक 22.08.2025 को दोपहर 02 बजे खोली जावेगी निविदा भरने हेतु अमानत राशि 15000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट या अकाउंट पेयी चैक **HOLDING ACCOUNT SAMAGRA SHIKSHA GIRLS HOSTEL BORI** के नाम से देय होगा।

निविदा हरदा जिले के दुकानदारों की स्वीकार की जावेगी एवं छात्रावास प्रबंधन समिति को अंतिम निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

अध्यक्ष/सचिव
छात्रावास प्रबंधन समिति
नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास बोरी, वि.खं. टिमरनी, जिला-हरदा

---


### नगर परिषद की अध्यक्ष को हटाए जाने की मांग की

# 12 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव पर किए हस्ताक्षर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

3 वर्ष के कार्यकाल के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड, खेल मैदान, गांधी चौक कायाकल्प से लेकर कई मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार संघर्ष कर रहे पार्षदों ने मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत कौर खंनूजा के खिलाफ अविश्वास नगर परिषद में पेश कर दिया। नगर परिषद सीएमओ महेंद्र शर्मा ने बताया कि 12 पार्षदों के हस्ताक्षर वाला अविश्वास प्रस्ताव मिला है जिसे संपूर्ण दस्तावेज के साथ हरदा के कलेक्टर को पेश किया जाएगा इसके बाद वहां से आगे की कार्रवाई होगी। वहीं यह जानकारी भी निकाल कर आ रही है कि बहुत जल्द अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अध्यक्ष के खिलाफ वोटिंग होना है कुल मिलाकर अध्यक्ष के पद पर नई ताजपोशी होगी इस बात के पूरे आसार बन रहे हैं। परिषद में 15 पार्षद है ऐसे में 12 पार्षदों के हस्ताक्षर होने से दो तिहाई बहुमत पूरा दिखाई दे रहा है और अविश्वास का पास होना लगभग तय है।


प्रति,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खिरकिया, जिला हरदा (म.प्र.)

दिनांक 19/8/2025

हम पार्षदगण की ओर से निवेदन है कि :-

1. हम भारतीय जनता पार्टी समर्थित एवं अन्य नगर परिषद खिरकिया के पार्षद है।
2. हम पार्षदगण के समर्थन से नगर परिषद खिरकिया की अध्यक्ष श्रीमति इन्द्रजीत कौर को चुना गया था।
3. हम निम्न पार्षदगण खिरकिया नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्रजीत कौर के कार्य व्यवहार से संतुष्ट नहीं है इस कारण हम अपना समर्थन वापिस लेते है और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद खिरकिया से निवेदन करते है कि खिरकिया नगर परिषद की अध्यक्ष को पद से हटाया जावें।
4. हम पार्षदगण यह आवेदन बिना किसी डर-दबाव, लालच, भय के यह आवेदन पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत करते है।

अतः निवेदन है कि उपरोक्त आवेदन स्वीकार कर नगर परिषद खिरकिया की अध्यक्ष श्रीमति इन्द्रजीत कौर को पद से हटाये जाने का कष्ट करें।

| क्र. | पार्षद का नाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- | --- |
| 1. | विजयंत गौर पिता श्री रमेशचन्द्र गौर, उपाध्यक्ष वार्ड नं. 12 | [signature] |
| 2. | नितिन गुप्ता पिता श्री पूनमचंद गुप्ता, पार्षद वार्ड नं. 10 | नितिन गुप्ता |
| 3. | सुरेन्द्र आठनेरे पिता श्री पन्नालाल आठनेरे पार्षद वार्ड नं. 11 | [signature] |
| 4. | राजेश मालाकार पिता श्री बिहारीलाल, पार्षद वार्ड नं. 14 | राजेश |
| 5. | फूलवती बाई पति श्री छतरसिंह, पार्षद वार्ड नं. 01 | फूलवती |
| 6. | सोनम सोनी पति श्री पीयूष सोनी, पार्षद वार्ड नं. 06 | [signature] |
| 7. | नेहा दुआ पति श्री रविन्द्र दुआ, पार्षद वार्ड नं. 04 | [signature] |
| 8. | किरण आठनेरे पति श्री नरेन्द्र आठनेरे, पार्षद वार्ड नं. 03 | Kiran |
| 9. | लक्ष्मी यादव पति श्री संजय यादव, पार्षद वार्ड नं. 07 | [signature] |
| 10. | पुष्पा जैन पति श्री अनिल जैन, पार्षद वार्ड नं. 09 | पुष्पा जैन |
| 11. | रमा गौर पति श्री सत्यनारायण गौर, पार्षद वार्ड नं. 13 | रमाबाई |
| 12. | संगीता पाण्डेय पति श्री अभिषेक पाण्डेय, पार्षद वार्ड नं. 05 | संगीता पांडे |

आज दिनांक 19/08/25 को 12.25 PM को 08 परिषद के पार्षद द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र शर्मा को दिए गए अविश्वास प्रस्ताव में बताया गया कि . हम भारतीय जनता पार्टी समर्थित एवं अन्य नगर परिषद खिरकिया के पार्षद है। हम पार्षदगण के समर्थन से नगर परिषद खिरकिया की अध्यक्ष इन्द्रजीत कौर को चुना गया था। हम पार्षदगण खिरकिया नगर परिषद की अध्यक्ष इन्द्रजीत कौर के कार्य व्यवहार से संतुष्ट नहीं है इस कारण हम अपना समर्थन वापिस लेते है और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद खिरकिया से निवेदन करते है कि खिरकिया नगर परिषद की अध्यक्ष को पद से हटाया जाए। हम पार्षदगण यह आवेदन बिना किसी डर-दबाव, लालच, भय के यह आवेदन पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत करते है। उपरोक्त आवेदन स्वीकार कर नगर परिषद खिरकिया की अध्यक्ष इन्द्रजीत कौर को पद से हटाये जाने का कष्ट करें। उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 12 से पार्षद विजयंत गौर, नितिन गुप्ता पार्षद वार्ड नं. 10, सुरेन्द्र आठनेरे पार्षद वार्ड नं. 11, राजेश मालाकार पार्षद वार्ड नं. 14, फूलवती बाई पार्षद वार्ड नं. 01, सोनम सोनी पार्षद वार्ड नं. 06, नेहा दुआ दुआ, पार्षद वार्ड नं. 04, किरण आठनेरे पार्षद वार्ड नं. 03, लक्ष्मी यादव पार्षद वार्ड नं. 07, पुष्पा जैन पार्षद वार्ड नं. 09, रमा गौर पार्षद वार्ड नं. 13, संगीता पाण्डेय पार्षद वार्ड नं. 05, 12 पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास पेश किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की।